विज्ञापन

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अधीनस्थ स्वायत्तशासी संस्थाओं/अकादमियों में, निदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करने के संबंध में सूचना

विज्ञापन संख्या-ई-2/2026 **दिनांक: 29 अक्टूबर, 2026**

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित निम्न स्वायत्तशासी संस्थाओं में निदेशक पद हेतु योग्य आवेदकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदो पर भर्ती निम्न स्त्रोतो से की जायेगी - सीधी भर्ती द्वारा/ प्रतिनियुक्त द्वारा/ सेवानिवृत्त अधिकारी द्वारा-

क्र. सं.	स्वायत्तशासी संस्था का नाम	पद संख्या	वेतनमान	आयु	योग्यता
1	उत्तर प्रदेश राज्य ललित अकादमी, लखनऊ	01	ग्रेड पे-6600 (पे मैट्रिक्स में लेवल-11)	30 से 40 वर्ष	(क) भारत में स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ललित कला (चित्रकला/मूर्तिकला/ व्यावसायिक कला) एवं अन्य किसी समरुप विषय, जिसे सक्षम स्तर द्वारा/ चयन समिति द्वारा/ नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा औचित्यपूर्ण समझा जाये, में कम से कम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्षमान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (ख) अधिमानी अर्हता- (अ) सम्बन्धित विषय में डाक्टरेट की उपाधि। (ब) विश्वविद्यालय/कालेज/प्रतिष्ठित सम्बन्धित संस्थान में कार्यक्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।
2	उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ	01	ग्रेड पे-6600 (पे मैट्रिक्स में लेवल-11)	30 से 40 वर्ष	क) भारत में स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संगीत या नाट्य विधा एवं अन्य किसी समरुप विषय, जिसे सक्षम स्तर द्वारा/चयन समिति द्वारा/नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा औचित्यपूर्ण समझा जाये, में कम से कम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (ख) अधिमानी अर्हता- (अ) सम्बन्धित विषय में डाक्टरेट की उपाधि। (ब) विश्वविद्यालय/कालेज/प्रतिष्ठित संस्थान में सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।

(2) अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता, एवं संस्थागत वचनबद्धता के साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

आयु- निदेशक के पद पर सेवानिवृत्त अधिकारी को नामित करने के संदर्भ में आयु सीमा अधिकतम 62 वर्ष होगी। कार्य अवधि अधिकतम 03 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो। प्रतिनियुक्ति के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत संगत शासनादेश लागू होंगे। सीधी भर्ती के लिए अधिवर्षता की आयु 60 वर्ष। विज्ञापन की तिथि को आवेदक ने जुलाई, 2026 को न्यूनतम आयु 30 वर्ष पूर्ण कर ली हो एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो।

निदेशक पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्कृति निदेशालय की वेबसाइट culture.up.nic.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन तथा जीवनवृत्त निदेशक, संस्कृति निदेशालय, नवम् तल, जवाहर भवन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश को दिनांक 10/12/26 तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट/ कोरियर अथवा ईमेल आई.डी culture.up@nic.in पर प्रेषित कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

UPID- 261076, DT. 16/11/2026
www.upgov.nic.in

(अपर मुख्य सचिव) संस्कृति विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन

विज्ञापन

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अधीनस्थ स्वायत्तशासी संस्था अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या में निदेशक के पद पर सीधी भर्ती/प्रति नियुक्ति/सेवानिवृत्त अधिकारी द्वारा नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करने के संबंध में सूचना

विज्ञापन संख्या-ई-01/2026 **दिनांक - 29.10.2026**

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या में सीधी भर्ती/प्रति नियुक्ति/सेवानिवृत्त अधिकारी के माध्यम से निदेशक पद हेतु योग्य आवेदकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्रम संख्या	स्वायत्तशासी संस्था का नाम	पद संख्या	वेतनमान	आयु	योग्यता
1	अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान,अयोध्या	01	ग्रेड पे-7600 (पे मैट्रिक्स में लेवल-12)	30 से 50 वर्ष	**शैक्षिक अर्हता -** **(क)** भारत में स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृत, साहित्य, समाजशास्त्र व दर्शन विषय एवं अन्य किसी समरुप विषय में से किसी एक विषय में, जिसे सक्षम स्तर द्वारा/ चयन समिति द्वारा/नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा औचित्यपूर्ण समझा जाये, में कम से कम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। **(अ)** सम्बन्धित विषय में डाक्टरेट की उपाधि अनिवार्य। **(ख)** अधिमानी अर्हता- **(अ)** प्रतिष्ठित संस्थान/विश्वविद्यालय/ कालेज में सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव। **(ब)** प्रचार-प्रसार, शोध व प्रकाशन कार्य का अनुभव ।

(2) अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता, एवं संस्थागत वचनबद्धता के साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

आयु- निदेशक के पद पर सेवानिवृत्त अधिकारी को नामित करने के संदर्भ में आयु-सीमा अधिकतम 62 वर्ष होगी। कार्यावधि अधिकतम 03 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तक के लिए होगी। प्रतिनियुक्ति के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत संगत शासनादेश लागू होंगे। सीधी भर्ती के लिए अधिवर्षता की आयु 60 वर्ष होगी। विज्ञापन की तिथि को आवेदक ने जुलाई, 2026 को न्यूनतम आयु 30 वर्ष पूर्ण कर ली हो एवं अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक न हो।

निदेशक पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्कृति निदेशालय की वेबसाइट culture.up.nic.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन तथा जीवनवृत्त निदेशक, संस्कृति निदेशालय, नवम् तल, जवाहर भवन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश को दिनांक 05.12.2026 तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट /कोरियर अथवा ईमेल आई.डी culture.up@nic.in पर प्रेषित कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

(अपर मुख्य सचिव)
संस्कृति विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

UP-260587 दिनांक 05.11.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है